दिन– सोमवार दिनांक– 05 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पहलगाम आतंकी हमले से भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे तनाव के मद्‌देनजर केन्द्र सरकार ने विभिन्न राज्यों को सात मई को एयर रेड सायरन मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया।

02. भारत ने चिनाब नदी के बगलिहार बांध से पाकिस्तान को पानी का प्रवाह रोका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से रक्षा सचिव ने मुलाकात की।

03. नीट यूजी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में समस्तीपुर पुलिस ने एक डॉक्टर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार ने कबड्डी में गोवा को पराजित कर पहली जीत हासिल की। महाराष्ट्र की टीम का तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन।

---

पहलगाम आतंकी हमले से भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे तनाव के मद्‌देनजर केन्द्र सरकार ने विभिन्न राज्यों को सात मई को एयर रेड सायरन मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। गृह मंत्रालय ने प्रभावी नागरिक सुरक्षा के लिए राज्यों को हवाई हमले पर अलर्ट करने वाले सायरन लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सिविल डिफेंस, छात्रों और नागरिकों को एयर रेड सायरन की स्थिति में बचाव से संबंधित ट्रेनिंग के भी निर्देश दिए गए है।

---

इधर, पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। कल वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने श्री मोदी से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी तथा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बीच भी अलग–अलग बैठकें हो चुकी है। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बात की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में रूस भारत के साथ है।

———————————————————————————

पहलगाम आंतकी हमले के परिदृश्य में एक अन्य कड़ा कदम उठाते हुए भारत ने चिनाब नदी के बगलिहार बांध से पाकिस्तान को पानी का प्रवाह को रोक दिया है। इससे पहले भारत सरकार ने सिंधु नदियों से पानी के प्रवाह को रोकने का फैसला किया था। स्थानीय नागरिक कल्याण सिंह ने बताया कि पानी रोके जाने से चिनाब नदी में पानी का प्रवाह घटकर डेढ़ से दो फीट तक रह गया है।

———बाइट———

इधर, हमारे जम्मू संवाददाता ने बताया कि भारत अब झेलम नदी के किशनगंगा बांध पर भी इसी प्रकार का कदम उठाने की योजना बना रहा है। उत्तर कश्मीर के किशनगंगा बांध और जम्मू संभाग के रामबन जिले में जल विद्युत बांध बगलिहार भारत को जल प्रवाह के समय को नियंत्रित करने की क्षमता प्रदान करते हैं। पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों और नागरिकों के मारे जाने के बाद भारत ने दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को रद्द करने का निर्णय लिया है।

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जा सकता है। आज नवादा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आतंकवाद के खिलाफ निश्चित रूप से प्रभावी कदम उठायेंगे।

———बाइट———

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पच्चीस की संवैधानिक वैधता से संबंधित मामले को इस महीने की पन्द्रह तारीख को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ अधिनियम की संवैधानिक वैधता को

चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता वरूण सिन्हा ने बताया कि प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वे अगले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई की पीठ के समक्ष इस मामले को पोस्ट करेंगे।

---बाइट---

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में दस मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामालों का निपटारा किया जायेगा। सारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ब्रजेश कुमार ने लोगों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।

---बाइट---

---

मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कल आयोजित नीट यूजी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में समस्तीपुर पुलिस ने एक डॉक्टर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एएसपी संजय पांडेय ने बताया कि बेगूसराय जेल में पदस्थापित डॉक्टर रंजीत कुमार की गिरफ्तारी हुई है। उसके पास से कई छात्रों के प्रवेश पत्र बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक अन्य आरोपी दरभंगा का रामबाबू मलिक है। इन दोनों पर परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों को बिठाने का आरोप है।

---बाइट---

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दूसरे दिन आज पटना, राजगीर, बेगूसराय और भागलपुर में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि कबड्डी, तीरंदाजी और गतका से संबंधित स्पर्धाएं अधिक हुईं।

———बाइट———

फुटबाल में बालिका वर्ग में तमिलनाडु ने बिहार को दो एक से पराजित किया। यह मुकाबला बेगूसराय के रिफाइनरी मैदान में खेला गया। मार्शल आर्ट के खेल गतका की टीम इवेंट स्पर्धाओं में काफी रोचक मुकाबले देखने को मिले। बिहार ने बालिका वर्ग में गोवा को पराजित किया। वहीं बालिका वर्ग में ही असम ने तेलंगाना को पराजित किया। पंजाब, झारखंड और तमिलनाडु को भी ग्रुप इवेंट में सफलता हासिल हुई है। चंडीगढ, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की लडकियों ने भी अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर जीत हासिल की। राजगीर का स्पोर्टस कांपलेक्स कई महत्वपूर्ण मुकाबलों का गवाह बना। बालिकाओं के मुकाबले में कबड्डी की स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की टीम ने तमिलनाडु को पराजित किया। कबड्डी में ही बिहार को पहली जीत का स्वाद चखने को मिला जब टीम ने गोवा को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। कल से टेबल टेनिस और रग्बी की स्पार्धाएं भी शुरु हो जायेंगी। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

इधर, तीरंदाजी में स्वर्ण सहित अन्य पदकों के लिए मुकाबले तय हो गये हैं। भागलपुर में खेले गये तीरंदाजी के मुकाबलों में महाराष्ट्र के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। तीरंदाजी की चार अलग–अलग स्पर्धाओं में महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक के लिए क्वालीफाई किया है। महाराष्ट्र टीम की एक अधिकारी डॉक्टर शुभांगी ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताई।

———बाइट———

————————————————————————

प्रदेश में अब सहकारी बैंकों के माध्यम से भी लोगों को गोल्ड लोन की सुविधा मिलेगी। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने आज पटना के बांकीपुर में गोल्ड लोन योजना और पेमेंट गेटवे की शुरूआत की। इस योजना के तहत सहकारी बैंक अपने ग्राहकों को स्वर्ण आभूषणों के मूल्यांकन के आधार पर बीस हजार से पांच लाख रूपये तक का लोन देगी। इस पर ब्याज दर नौ दशमलव पांच प्रतिशत से लेकर दस प्रतिशत तक होगा। वहीं, लोन की अवधि एक महीने से लेकर बारह महीने तक की होगी।

————————————————————————

पटना के बिक्रमगंज स्थित कृषि अनुसंधान केन्द्र द्वारा विकसित धान की किस्म सबौर प्रताप का बिहार समेत ग्यारह राज्यों में उत्पादन किया जायेगा। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉक्टर प्रकाश सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने धान के इस प्रभेद का विकास

किया है। इस किस्म की विशेषता एक सौ तीस से एक सौ चालीस दिनों में सीमित सिंचाई में साठ से सत्तर क्विंटल प्रति हेक्टेयर की उत्पादन क्षमता है।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनो के दौरान औसत तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी, उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा मे शराब के साथ तीन महिला समेत छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जलपुरा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर दस लाख मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो लाख से अधिक की राशि भी बरामद की गई। इधर, अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर चार मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित–अर्ध निर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने भेलाही थानाध्यक्ष मोहम्मद शाहरुख को शराब माफिया से गठजोड़ और अवैध वसूली के आरोप में निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

01. पहलगाम आतंकी हमले से भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे तनाव के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने विभिन्न राज्यों को सात मई को एयर रेड सायरन मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया।

02. भारत ने चिनाब नदी के बगलिहार बांध से पाकिस्तान को पानी का प्रवाह रोका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से रक्षा सचिव ने मुलाकात की।

03. नीट यूजी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में समस्तीपुर पुलिस ने एक डॉक्टर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार ने कबड्डी में गोवा को पराजित कर पहली जीत हासिल की। महाराष्ट्र की टीम का तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन।

———————————————————————————

समाप्त